केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-III, आर.आर.एल., जोरहाट

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# त्रैमासिक समाचार पत्र

# दृष्टिकोण



## अप्रैल – जून 2025




## मुख्य संरक्षक CHIEF PATRON



श्रीमती प्राची पांडे, आयुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय), नई दिल्ली,



श्री चंद्र शेखर आज़ाद, उपायुक्त,
केन्द्रीय विद्यालय संगठन, गुवाहाटी क्षेत्र



डॉ. वीरेन्द्र एम. तिवारी, निदेशक,
सीएसआईआर- नीस्ट
अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति (वीएमसी)

## संरक्षक



श्री रामकुमार पाणिग्रही ,सहायक आयुक्त,
केन्द्रीय विद्यालय संगठन, गुवाहाटी क्षेत्र



श्री नरेश कुमार, सहायक आयुक्त,
केन्द्रीय विद्यालय संगठन, गुवाहाटी क्षेत्र



श्री रणधीर सिंह, सहायक आयुक्त,
केन्द्रीय विद्यालय संगठन, गुवाहाटी क्षेत्र



डॉ. कृष्ण कुमार मोटला ,समन्वयक प्राचार्य
केंद्रीय विद्यालय नं ।।। ,आर आर एल ,जोरहाट



# प्राचार्य का संदेश

शिक्षा स्वतंत्रता के स्वर्ण द्वार खोलने की कुंजी है.
- जार्ज वाशिंगटन करवर

विद्यालय के मासिक ई-न्यूज़लेटर के लिए प्रस्तावना के रुप में कुछ शब्द लिखना मेरे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। शिक्षा के क्षेत्र में आए इस बड़े बदलाव के साथ, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-III आर.आर.एल. जोरहाट का उद्देश्य केवल शैक्षिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे का सर्वांगीण विकास करना भी है। हमारे विद्यालय में आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रम और गतिविधियाँ हर बच्चे को एक शैक्षिक मेधावी होने के साथ-साथ एक नैतिक और विचारशील जागृत नागरिक बनने में मदद करती हैं।

मेरा मानना है कि उत्कृष्टता एक सतत यात्रा है। यह सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करने की एक अटूट प्रतिबद्धता है। इसी प्रतिबद्धता के साथ, हम नई ऊँचाइयों को छूने और ऐसे मानदंड स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं जिन पर हम सभी को गर्व हो। मैं इस महीने के कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए मेरे सभी प्रिय छात्रों और कर्मचारियों को उनके निरंतर सहयोग और रुचि के लिए बधाई देना चाहता हूँ।

डॉ. कृष्ण कुमार मोटला
प्राचार्य
केंद्रीय विद्यालय नं III ,आर आर एल ,जोरहाट

उठना शुरु किया है, गिरना भी,
कठिनाइयों का सामना करना, कमाना,
उत्कृष्टता प्राप्त करना, जीतना और
अपनी एक पहचान बनाना...
हाँ, मैं एक केवीयन हूँ।
( Yes, I am KViAN )





प्रिय पाठकों,

हमें यह बताते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि हमारे विद्यालय/संगठन का यह त्रैमासिक ई-न्यूज़लेटर आपके समक्ष प्रस्तुत है। इस अंक में आप बीते तीन महीनों की महत्वपूर्ण गतिविधियों, उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त करेंगे।

## केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-III, आर.आर.एल., जोरहाट - एक दृष्टि में

विद्यालय का नाम: केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-3, आर.आर.एल. जोरहाट, असम - 785006
स्थापना तिथि: 01/04/2003
अधिकतम कक्षा एवं प्रत्येक कक्षा में स्वीकृत अनुभागों की संख्या: कक्षा XII (प्रत्येक कक्षा में एक अनुभाग)
प्राचार्य का नाम: डॉ. कृष्ण कुमार मोटला
फोन नंबर: 0376-2372550
अनुभाग: सिविल
जिला: जोरहाट
राज्य / केंद्र शासित प्रदेश: असम - 785006
पत्राचार का पता:
केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-3, आर.आर.एल. जोरहाट
सीएसआईआर- नीस्ट परिसर,
डाकघर: आर.आर.एल., पुलीबोर, जोरहाट - 785006, असम



# प्रातःकालीन सभा





## ✍️"सफलता का मंत्र: निरंतर प्रयास"

हर छोटा कदम हमें हमारे लक्ष्य के और करीब लाता है। इस महीने के प्रेरणादायक लेख में पढ़ें कि कैसे अनुशासन और धैर्य से बड़ी सफलता पाई जा सकती है।

दिनांक : 05 / 04/ 2025

# अभिभावक परिचय कार्यक्रम

कक्षा I के लिए अभिभावक परिचय कार्यक्रम सफलतापूर्वक केंद्रीय विद्यालय नं III ,आर आर एल ,जोरहाट, में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय की प्रणाली, शिक्षण पद्धतियों, मूल्यांकन प्रणाली तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा के अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराना था।




कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.के. मोटला द्वारा अभिभावकों के हार्दिक स्वागत से हुई। उन्होंने विद्यालय और अभिभावकों के बीच सहयोग की महत्ता पर विशेष जोर दिया और बताया कि बच्चों के भविष्य को संवारने में यह साझेदारी कितनी महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने विद्यालय का मिशन एवं विज़न साझा करते हुए समग्र विकास के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

इसके पश्चात कक्षा 1 के अध्यापकों का परिचय कराया गया। उन्होंने अभिभावकों को निम्नलिखित बिंदुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी—

दैनिक समय-सारणी एवं विद्यालय का समय

विषय एवं पाठ्यक्रम

कक्षा के नियम एवं अपेक्षाएँ

प्राथमिक स्तर पर अपनाई जाने वाली शिक्षण-पद्धतियाँ

मूल्यांकन एवं आकलन की प्रक्रिया

नियमित उपस्थिति एवं समय पालन का महत्व

वर्दी एवं स्वच्छता संबंधी दिशा-निर्देश

अध्यापकों एवं अभिभावकों के बीच संवाद के माध्यम

ओरिएंटेशन में एक प्रस्तुति भी दी गई जिसमें अभिभावकों को बताया गया कि वे घर पर बच्चों की पढ़ाई में किस प्रकार सहयोग कर सकते हैं तथा उनके लिए सकारात्मक एवं प्रेरणादायक वातावरण कैसे बना सकते हैं।

यह सत्र संवादात्मक रहा, जिसमें अभिभावकों ने प्रश्न पूछे और अपनी शंकाएँ दूर कीं। विद्यालय के शिक्षकों ने उनके प्रश्नों का धैर्यपूर्वक उत्तर दिया तथा विद्यालय की गतिविधियों एवं अभिभावक-शिक्षक बैठकों (PTMs) में नियमित भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया।

समग्र रूप से यह ओरिएंटेशन प्रोग्राम सफल रहा और विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच विश्वास एवं सहयोग की मजबूत नींव रखने में सहायक सिद्ध हुआ।

# गणित ओलंपियाड (SOF)

## में स्वर्ण पदक और प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई।” 🎉✨




दिनांक : 27 / 04/ 2025

# राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC)

**राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) इकाई अब सत्र 2025-26 से केंद्रीय विद्यालय नं.-III, आर. आर एल, आरआरएल जोरहाट में कार्यात्मक हो गई है।**




## उद्देश्य :

विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना विकसित करना।
युवाओं को अनुशासित, निडर और जिम्मेदार नागरिक बनाना।
नेतृत्व, टीम भावना और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना।
आपदा प्रबंधन, सामुदायिक सेवा तथा सामाजिक कार्यों में योगदान देना।




## गतिविधियाँ :

एनसीसी कैडेट्स को विभिन्न प्रशिक्षण दिए जाते हैं जैसे–
परेड एवं ड्रिल
शस्त्र प्रशिक्षण
खेल-कूद और साहसिक गतिविधियाँ
सामुदायिक सेवा एवं सामाजिक कार्य
वार्षिक प्रशिक्षण शिविर, ट्रेकिंग, पर्वतारोहण आदि

# विद्याप्रवेश

दिनांक : 07 / 04/ 2025









केन्द्रीय विद्यालय आरआरएल जोरहाट ने 07 अप्रैल 2025 को कक्षा I में नवनामांकित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु भव्य 'विद्याप्रवेश' समारोह का आयोजन किया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिसर उत्सवमय वातावरण से भर गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों का तिलक, पुष्पवर्षा तथा पारंपरिक वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनियों के साथ हार्दिक स्वागत किया गया।

डॉ. के.के. मोटला, विद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों और उनके अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल एवं सफल शैक्षणिक यात्रा के लिए अपनी शुभकामनाएँ प्रकट कीं।

कार्यक्रम के दौरान, कक्षा I की शिक्षिका ने बच्चों का मार्गदर्शन किया और उन्हें विद्यालय के वातावरण से परिचित कराया।





## पहला इंप्रेशन महत्वपूर्ण होता है।

**नवनिर्वाचित कक्षा -I के छात्र-छात्राएँ प्राचार्य डॉ. के.के. मोटला से परिचित हो रहे हैं। सीखने और आगे बढ़ने को उत्साहित!**

# नेत्र जांच शिविर

**दिनांक : 27 / 06 / 2025**

केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-3, आरआरएल, जोरहाट में छात्रों के स्वास्थ्य और उनके नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक विशेष नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर एच.बी. आई. प्लस एवं ऑप्टिकल, तिनिआली आर.आर.एल. जोरहट के कुशल नेत्र विशेषज्ञ डॉ. भारत भूषण तिवारी तथा उनकी टीम 15 सदस्यों द्वारा संचालित किया गया।

शिविर का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार मोटला ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के महत्व और नेत्रों की देखभाल की आवश्यकता पर बल दिया। इसके साथ ही उन्होंने मोबाइल के इस बेताहा उपयोग से आँखों पर होने वाले नुकसान से अवगत करवाया। शिविर के दौरान कक्षा 1 से 12 तक के सभी विद्यार्थियों की नेत्र जांच की गई। जांच के अंतर्गत दृष्टि दोष, रंग पहचान संबंधी समस्याएं तथा सामान्य नेत्र स्वास्थ्य का मूल्यांकन किया गया। कुछ विद्यार्थियों में दृष्टि दोष पाए गए, जिन्हें आगे की जांच और उपचार के लिए उचित परामर्श उनके दैनिन्दिनी में लिखकर प्रदान किया गया।

विद्यालय परिवार ने इस आयोजन के सफल संचालन हेतु डॉक्टर्स, स्टाफ और छात्रों का आभार व्यक्त किया।











# विश्व स्वास्थ्य दिवस

दिनांक : 07 / 04/ 2025

केन्द्रीय विद्यालय आर.आर.एल. जोरहाट में विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन बड़े धूमधाम से स्काउट और गाइड यूनिट द्वारा किया गया। जिसमें स्काउट एवं गाइड्स के सभी प्रशिक्षित एडल्ट लीडर भी सम्मिलित हुए । इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ. कृष्ण कुमार मोटला एवं स्काउट एडल्ट लीडर श्री अजय प्रसाद द्वारा विद्यालय में पधारे मुख्य अतिथि डॉ. भारत भूषण तिवारी को असमिया फुलाम गमछा एवं स्कार्फ पहनाकर प्राचार्य तथा दीप प्रज्ज्वलन से हुई। विद्यालय के भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के प्रभारी श्री गोपाल प्रसाद झा ने मंच को संचालित करते हुए क्रियाकलाप के संक्षिप्त विवरण को सभी के समक्ष साझा किया, साथ ही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को मंच पर आमंत्रित किया। मुख्य अतिथि डॉ. भारत भूषण तिवारी ने बच्चों को स्वस्थ आहार, पर्याप्त नींद और नियमित व्यायाम की अहमियत समझाई।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ. कृष्णकुमार मोटला ने बच्चों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है और इसे बनाए रखना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है।

समारोह का समापन विद्यालय के प्राचार्य के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ, जिसमें उन्होंने स्काउट और गाइड टीम की सराहना की और इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ने की उम्मीद जताई।

इस आयोजन ने सभी को एक स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने की प्रेरणा दी और यह संदेश दिया कि स्वस्थ शरीर ही एक खुशहाल जीवन का आधार है।









**विद्यालय परिवार का मानना है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनाना भी है।**

# पुस्तक उपहार

**दिनांक : 08 / 04/ 2025**

केंद्रीय विद्यालय नं ।।। ,आर आर एल ,जोरहाट में ‘पुस्तक उपहार’ का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर 80 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी पिछली कक्षाओं की लगभग 400 पाठ्यपुस्तकें उदारतापूर्वक दान कीं, जबकि 50 से अधिक विद्यार्थियों ने अपने नए शैक्षणिक सत्र के लिए लगभग 275 पुस्तकें प्राप्त कीं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पाठ्यपुस्तक उपहार देने के इस पुनीत कार्य के माध्यम से आपसी भाईचारे की भावना और नैतिक मूल्यों का संचार करना था।









# विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस

**दिनांक : 24/ 04/ 2025**

विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस का आयोजन 23 अप्रैल को केंद्रीय विद्यालय क्र.।।।, आरआरएल जोरहाट में किया गया।


विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस” जो प्रतिवर्ष 23 अप्रैल को मनाया जाता है, यूनेस्को की एक पहल है। इसका उद्देश्य पुस्तकों, पठन-पाठन तथा प्रकाशन को बढ़ावा देना है। यह दिवस पुस्तकों को संस्कृतियों और पीढ़ियों के बीच सेतु के रूप में मान्यता देने के साथ-साथ कॉपीराइट और बौद्धिक संपदा के महत्व को भी रेखांकित करता है।







# केन्द्रीय विद्यालय आरआरएल जोरहाट का उत्कृष्ट प्रदर्शन!




## कक्षा X : 100% | कक्षा XII : 100%

**केन्द्रीय विद्यालय आरआरएल जोरहाट
परिवार को हार्दिक बधाई —
विशेषकर हमारे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, गौरवान्वित
अभिभावकों एवं समर्पित शिक्षकों को।**

**हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई 🎊**

# बिहू उत्सव

दिनांक : 16 / 04/ 2025

**विद्यालय में हर्ष, नृत्य और परंपरा के साथ बिहू उत्सव मनाया गया।**





दिनांक : 06 / 05/ 2025

## अभिभावक-शिक्षक बैठक (PTM) – कक्षाएँ VI, IX, X एवं XII

कक्षाएँ VI, IX, X और XII के लिए कक्षा-वार अभिभावक-शिक्षक बैठक (PTM) का सफल आयोजन किया गया। इस बैठक में अभिभावकों और संरक्षकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जो उनके बच्चों की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

बैठक के दौरान विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। नियमित उपस्थिति के महत्व और इसके विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं प्रदर्शन पर पड़ने वाले प्रत्यक्ष प्रभाव पर विशेष जोर दिया गया।












जल शक्ति मंत्रालय और केंद्रीय विद्यालय संगठन (KVS) की राष्ट्रव्यापी पहल के अंतर्गत, केंद्रीय विद्यालय क्र.III ,आर आर एल ,जोरहाट , में 16 अप्रैल 2025 को "जल पखवाड़ा" की शुरुआत की गई। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों और अन्य सदस्यों ने सामूहिक रूप से "जल शपथ" (पानी बचाने की प्रतिज्ञा) ली। इसके साथ ही जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु पखवाड़ा भर चलने वाले अभियान की शुरुआत हुई।





दिनांक : 01 / 05/ 2025

# सतत व्यावसायिक विकास (CPD)

## “निरंतर सीखते रहने की भावना से शिक्षकों को सशक्त बनाना”

केंद्रीय विद्यालय क्र.3 आरआरएल जोरहाट में एक घंटे का CPD सत्र “एक्शन रिसर्च” पर आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. के. के. मोटला ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। सत्र का संचालन श्री अली अहमद, PGT (अंग्रेज़ी) द्वारा किया गया।

इस सत्र ने हम सभी को प्रेरित किया कि हम कक्षा में आने वाली चुनौतियों को अवसरों में बदल सकें और शिक्षण को और अधिक प्रभावशाली बना सकें।






## विषय समृद्धि गतिविधियों पर एक घंटे का CPD कार्यक्रम

दिनांक :27 / 06 / 2025








केंद्रीय विद्यालय क्र.3 आरआरएल जोरहाट में विषय समृद्धि गतिविधियों (Subject Enrichment Activities) पर एक घंटे का सतत व्यावसायिक विकास (CPD कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों को कक्षा में विषयगत गतिविधियों को और प्रभावशाली ढंग से लागू करने के तरीकों के बारे में मार्गदर्शन दिया गया

दिनांक : 05 / 06/ 2025

# एक पेड़ माँ के नाम 2.0

केंद्रीय विद्यालय क्र.3 आरआरएल जोरहाट ने विश्व पर्यावरण दिवस को 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान के साथ मनाया –

हर माँ को समर्पित, एक हरियाले कल का वादा।



**दिनांक : 10 जून से 17 जून तक 2025**

केंद्रीय विद्यालय क्र.3 आरआरएल जोरहाट में 10 जून से 17 जून तक भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जाएगा।









**दिनांक :28 / 06 / 2025**


# राजभाषा हिंदी की तिमाही बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन।




दिनांक :21 / 06 / 2025

# 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

"केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 3, आर.आर.एल., जोरहाट में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 बड़े उत्साह के साथ 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' की प्रेरणादायक थीम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर, हमें श्रीमती जुग्टि बोरकोटोकी बोरढोलोई, जो अखिल असम योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय जज हैं, को हमारे सम्मानित योग विशेषज्ञ के रूप में पाकर गर्व महसूस हुआ। यह दिन सद्भाव, स्वास्थ्य और समग्र कल्याण के नाम रहा!"






# फिट इंडिया स्कूल






## सन्डे ऑन साईकिल

# समाचार पत्रों में विद्यालय!

## केवि आरआरएल में विश्व पुस्तक दिवस




जोरहाट, 23 अप्रैल (पू.सं.)। केंद्रीय विद्यालय आरआरएल, जोरहाट में आज विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दिवस का उद्देश्य पुस्तकों के महत्व को रेखांकित करना, पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देना तथा लेखकों एवं प्रकाशकों के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष गोपाल प्रसाद द्वारा की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ने की प्रेरणा दी। इसके बाद कक्षा आठवीं की रिचिता नेओग ने आज के समाज में पुस्तकों एवं लेखकों के महत्वपूर्ण योगदान को बताया। इसके बाद कक्षा आठवीं एवं नौवीं के विद्यार्थियों द्वारा 15 अलग-अलग प्रख्यात लेखकों का रोल प्ले करते हुए उनके योगदान को याद किया और उनके द्वारा लिखी गई प्रसिद्ध रचनाओं के बारे में बताया। पुस्तक पठन प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन तथा पोस्टर मेकिंग जैसे रचनात्मक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार मोटला ने कई महत्वपूर्ण बातों पर प्रकाश डाला।

## जोरहाट में केंद्रीय विद्यालय आरआरएल ने किया नेत्र जांच शिविर का आयोजन




**पूर्वांचल प्रहरी डेस्क संवाददाता**

**जोरहाट :** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-3, आरआरएल, जोरहाट में छात्रों के स्वास्थ्य और नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक विशेष नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन आरबीआई प्लस एवं ऑप्टिकल, तीनाली आरआरएल जोरहाट के कुशल नेत्र विशेषज्ञ डॉ. भारत भूषण तिवारी और उनकी 15 सदस्यीय टीम ने किया। शिविर का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार मोटलानी ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने छात्रों में स्वास्थ्य और नेत्र देखभाल की आवश्यकता पर बल देते हुए मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से आंखों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के प्रति भी जागरूक किया। शिविर के दौरान कक्षा 1 से 12 तक के सभी छात्रों की नेत्र जांच की गई। इस जांच के अंतर्गत दृष्टिदोष, रंग पहचान की समस्याएं और आंखों के सामान्य स्वास्थ्य का मूल्यांकन किया गया। जांच में जिन छात्रों में दृष्टि दोष पाए गए, उन्हें आगे के इलाज और परामर्श हेतु उपयुक्त निर्देश भी दिए गए। विद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन हेतु डॉक्टर्स, स्टाफ व छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जोरहाट के आरआरएल व वायु सेना केवी ने मनाया विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस




पूर्वांचल प्रहरी डेस्क संवाददाता

# व्यावसायिक शिक्षा / कौशल कार्यशाला एवं बैगलेस दिवस की गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण

परिचय: असम वर्षा वनों के प्राकृतिक आवासीय पौधों जैसे बाँस, बेंत आदि से अत्यंत समृद्ध है।
गतिविधियाँ: व्यावसायिक शिक्षा की गतिविधियों का चयन बाँस शिल्प (Bamboo Craft) पर किया गया।
बाँस शिल्प: निम्नलिखित विभिन्न बाँस शिल्प परियोजनाएँ तैयार की गईं, जैसे –

I) फूलों के गुच्छे रखने हेतु दीवार पर टांगने वाला सजावटी शिल्प (Wall Hanging)
(II) फूल रखने हेतु दीवार पर टांगने वाला सजावटी शिल्प (Wall Hanging)
(III) बाँस की थाली (Tray)
(IV) पेन स्टैंड
(V) फूलदान (Flower Vase)


बाँस की थाली


फूल रखने हेतु दीवार पर टांगने वाला सजावटी शिल्प


फूल रखने हेतु दीवार पर टांगने वाला सजावटी शिल्प


पेन स्टैंड


फूलदान

# एक क्लिक, अनगिनत अपडेट्स – हमारे डिजिटल परिवार में शामिल हों

## सोशल मीडिया पर हमें फ़ॉलो करें

## हमसे जुड़ें












https://www.facebook.com/rrl.jorhat

https://www.facebook.com/profile.php?id=61560591590566 (Facebook Page)




https://youtube.com/@kvrrljorhat3979?si=smax4GKcIUZpH_Ke

Take a look at kvrrljorhat (@kvrrljorhat):
https://x.com/kvrrljorhat?t=HSHSMja3Eng82cz_OT64Ag&s=08

वेबसाइट : https://no3jorhat.kvs.ac.in/

ईमेल आईडी :newrrljorhat1477@gmail.com

## मार्गदर्शन

डॉ. कृष्ण कुमार मोटला
प्राचार्य
केंद्रीय विद्यालय नं III ,आर आर एल ,जोरहाट

## संपादन और डिज़ाइन

श्रीमती लिज़ा बरुवा
टीजीटी गणित

# धन्यवाद